

# स्टाफ नर्स व आरएचओ निलंबित, चिकित्सा अधिकारी पर कार्रवाई की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सोनगरा

भटगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पंडो महिला के जमीन पर प्रसव होने और चार घंटे तक चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों के अस्पताल से नदारद रहने को शासन ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर गठित जांच टीम ने कार्रवाई की है। कार्रवाई के तहत प्राथमिक रूप से लापरवाही के लिए महिला आरएचओ और नर्स को निलंबित कर दिया है जबकि मेडिकल ऑफिसर पर कार्रवाई के लिए अनुशंसा की गई है। वहीं जन्म के बाद प्री मेच्योर बच्चे का उपचार जिला अस्पताल सूरजपुर में जारी है।

बता दें कि भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम असना ढोढ़ी निवासी 30 वर्षीय कुंती बाई पति वीरेंद्र को प्रसव पीड़ा होने पर 10 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में लाया गया था। इस दौरान अस्पताल में ना ही कोई चिकित्सक मौजूद थी और ना ही स्टाफ नर्स व स्वास्थ्य कर्मी। यही कारण है कि 4 घंटे तक प्रसूता अस्पताल में जमीन पर दर्द से तड़पती रही और जमीन पर ही असुरक्षित तरीके से उसका प्रसव हुआ। इस दौरान महिला की सास इंजोरिया बाई ने महिला का प्रसव कराया और बच्चे को उठाकर बिस्तर पर रखा। इससे भी बड़ी बात कि प्रसव के बाद महिला को जमीन पर बिखरे खून की सफाई भी करनी पड़ी। जमीन पर प्रसव व अस्पताल प्रबंधन की इस लापरवाही को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से खबर का प्रशाशन किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। इस दौरान जेडी स्वास्थ्य डॉ. अनिल शुक्ला के निर्देश सीएमएचओ सूरजपुर डॉ. कपिल देव पैकरा द्वारा टीम का गठन किया गया था। गठित जांच टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट जेडी को दी गई जिसमें अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रतन प्रसाद मिंज, नर्स शीला सोरेन व आरएचओ विक्टोरिया केरकेट्टा की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ऐसे में स्टाफ नर्स शीला सोरेन व आरएचओ विक्टोरिया केरकेट्टा को जेडी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है जबकि चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र भेजा गया है।

## स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर जेडी व सीएमएचओ ने की कार्रवाई

### बतौली मामले में भी टीम गठित

इसके साथ ही संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने बतौली शांतिपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई घटना को लेकर भी जांच टीम का गठन किया है। सड़क दुर्घटना में महिला व बच्ची की मौत के बाद घायल पिता को एंबुलेंस नहीं मिलने की घटना सामने आने के बाद यह टीम गठित की गई है। जेडी ने बताया कि यदि कोई इस मामले में दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल से गायब थे डाक्टर-नर्स, प्रसूता ने जमीन पर दिया बच्चे को जन्म

### की गई है कार्रवाई

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। प्रारंभिक जांच के बाद लापरवाही सामने आने पर आरएचओ और स्टाफ नर्स को निलंबित किया गया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पर भी कार्रवाई के लिए अनुशंसा की गई है। इस मामले की जांच चल रही है।

-डॉ. अनिल शुक्ला
संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

## स्वच्छता संगम समारोह में मिला अवार्ड

# मुख्यमंत्री ने स्वच्छता में बेहतर कार्य के लिए किया नगर निगम को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वच्छता सर्वेक्षण में देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुपर स्वच्छ लीग में शामिल होने के साथ ही 5 स्टार रेटिंग हासिल कर राष्ट्रपति से अवार्ड पाने वाले निकाय को प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया है। बिलासपुर में आयोजित स्वच्छता संगम में सीएम व डिप्टी सीएम ने नगर निगम को सम्मानित किया। इसके साथ ही निकाय की टीमों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

**खास बात**

- शामिल हुए ननि के जनप्रतिनिधि व स्वच्छता दीदियां

बता दें कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम अम्बिकापुर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना खोया हुआ सम्मान हासिल किया है। नगर निगम को देश भर के बड़े नगरीय निकायों के साथ सुपर स्वच्छ लीग में शामिल किया गया। अपने श्रेणी में 50 हार से 3 लाख की जनसंख्या वाले शहरों में 85 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही नगर निगम को 5 स्टार रेटिंग वापस मिल गई है। बेहतर प्रदर्शन कर फिर से अपना नाम देशभर में रौशन करने के लिए नगरीय निकायों को सम्मानित करने के लिए मंगलवार को नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा बिलासपुर में स्वच्छता संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बहतराई इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव से शामिल हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्स्था डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने की। कार्यक्रम के दौरान सुपर स्वच्छ लीग में शामिल होने के साथ ही 5 स्टार रेटिंग हासिल करने के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों हाथों सम्मानित होने के लिए सबसे पहले नगरीय निकाय अंबिकापुर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम श्री साव ने भी सम्मानित किया। नगर निगम अंबिकापुर की तरफ से यह अवार्ड शहर की महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, एमआईसी सदस्य ममता तिवारी, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी व ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने प्राप्त किया। इसके साथ ही स्वच्छता दीदियों के पांव प्रच्छालन किए गये। इस दौरान नगर निगम अंबिकापुर की ओर से एमआईसी सदस्य श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, जितेन्द्र सोनी, विशाल गोस्वामी, रवि उरांव सहित अन्य मौजूद थे।



नगर निगम को सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

### बेहतर कार्य करने के लिए किया गया प्रोत्साहित

बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर के नगरीय निकाय शामिल हुए और सभी निकायों को सीएम ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने निकायों को स्वच्छता की श्रेणी में फिर से बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में पहला स्थान हासिल करने वाले नगरीय निकाय को एक करोड़ रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इसके साथ ही द्वितीय स्थान हासिल करने पर 50 लाख के इनाम की घोषणा की है। मंगलवार को बिलासपुर में होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगर निगम अंबिकापुर से भी 300 स्वच्छता दीदियां शामिल हुई थी।

### फिर से करेंगे बेहतर कार्य : मंजूषा

स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव से ने भी हमें सम्मानित किया है। बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम के नगरीय निकायों को प्रोत्साहित किया है और यह सम्मान भी शहर की जनता और स्वच्छता दीदियों को समर्पित है। हमारा प्रयास होगा कि अगले स्वच्छता सर्वेक्षण में फिर से बेहतर प्रदर्शन कर देश में नम्बर 1 का खिताब हासिल कर सके। इसके साथ ही शहर को साफ स्वच्छ बनाने व शहर के विकास की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएंगे। शासन से नगर निगम को करोड़ो रुपए की राशि मिली है जिससे बारिश के बाद निर्माण कार्य शुरू होंगे। निर्माण कार्यों के लिए निविदा जारी है।





# बकरा चोरी कर भाग रहे युवकों को ग्रामीणों ने पीटा, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

बकरा चोरी के मामले में दो युवकों की बेदम पिटाई का मामला सामने आया है। बकरा चोरी कर भाग रहे युवकों को ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई की। ग्रामीणों ने चोरों को लाठी डंडे से बेदम पीटा और उसके बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मारपीट से घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। इस घटना से जुड़ा वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

- चलगली थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने दर्ज किया अपराध, घटना का वीडियो वायरल

बताया जा रहा है कि चलगली थाना अंतर्गत शारदापुर बरई पारा निवासी महेंद्र सिंह ने अपने एक बकरा और एक बकरी को चरने के लिए घर के बाहर खलिहान के पास बांधा था। इस दौरान अचानक ही उसका एक रास बकरा चोरी हो गया। ग्रामीण ने बकरा चोरी होने के बाद आस पास के क्षेत्र में सूचना दी जिसके बाद महेंद्र सिंह अपने भाई उपेन्द्र सिंह, संखलाल सहित अन्य ग्रामीण अपने बकरे की तलाश कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक में सवार दो युवक बकरी लेकर भागते नजर आए जिन्हें ग्रामीणों ने प्रतापपुर थाना क्षेत्र के लोलकी चट्टानी में घेरकर पकड़ा। चोरों की पहचान बड़कागांव निवासी कार्तिक आ. रामधनी और सूरज आ. शिव नारायण के रूप में की गई। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और लाठी डंडे से उनकी बेदम पिटाई कर दी। ग्रामीणों ने युवकों को गांव में पकड़कर बुरी तरह मारा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मारपीट का वीडियो भी बना लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल युवकों को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया है इसके साथ ही महेंद्र सिंह की शिकायत पर कार्तिक और सूरज के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी चलगली श्री भारद्वाज ने बताया कि मामले में अपराध दर्ज किया गया और युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच चल रही है।

### मारपीट करने वालों पर भी होगी कार्रवाई

चोरी के आरोप में पकड़े गए युवकों के साथ ग्रामीणों ने जमकर मारपीट की है। इस घटना के घायल युवकों के परिजन ने घटना की शिकायत प्रतापपुर थाना में की है जिसमें अब मारपीट करने वालों के खिलाफ भी अपराध दर्ज किए जाने की बात कही जा रही है। ऐसा इस लिए क्यों कि ग्रामीणों ने चोरी के आरोपियों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द करने के बदले खुद ही मारपीट कर कानून को अपने हाथ में लिया है।

# मिलावट की आशंका पर पेट्रोल पंप को किया गया सील

**बलरामपुर/अंबिकापुर।** बलरामपुर जिला मुख्यालय में खाद्य विभाग की टीम ने पेट्रोल पंप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पेट्रोल में मिलावट की शिकायत की जांच के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पेट्रोल पंप को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में पेट्रोल मानक के अनुरूप निर्धारित डेन्सिटी के अनुसार नहीं पाया गया है।

- खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

बताया जा रहा है कि बलरामपुर मुख्यालय के चांदो रोड स्थित जोगी पेट्रोल पंप में मिलावटी पेट्रोल की शिकायत की गई थी। सोमवार की रात जोगी पेट्रोल में कुल लोग अपने वाहन में पेट्रोल भरवाने आए हुए थे। इस दौरान लोगों को पेट्रोल में मिलावट की आशंका हुई तो उन्होंने खाद्य अधिकारी को फोन किया। सूचना मिलने के बाद खाद्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान खाद्य अधिकारी विजय कुजूर सहित अन्य अधिकारियों ने पेट्रोल पंप में मौजूद पेट्रोल के गुणवत्ता की जांच की। जांच के दौरान मानक के अनुरूप पेट्रोल नहीं मिलने पर पेट्रोल पंप को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि पेट्रोल पंप में मिलावट की आशंकाएं हमेशा बनी रहती है लेकिन पहली बार अधिकारियों ने इस तरह की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।



### डेन्सिटी थी कम

इस मामले में खाद्य अधिकारी विजय कुजूर का कहना है कि पेट्रोल पंप में मिलावट की शिकायत के आधार पर जांच की गई। जांच में यह बात सामने आई कि पेट्रोल पंप की टंकी में जब पेट्रोल डाला गया था तो उसकी डेन्सिटी 752 थी लेकिन बाद में डेन्सिटी 11 प्वाइंट बढ़कर 763 हो गई थी जबकि अधिकतम पेट्रोल की डेन्सिटी में 3 प्वाइंट का ही अंतर होना चाहिए था। पेट्रोल पंप को सील किया गया है। अब इस प्रकरण की सुनवाई कलेक्टर कोर्ट में होगी जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** देवीगंज रोड महाराजा गली निवासी आशु गुप्ता आ. मनोज गुप्ता रविवार को दोस्तों के साथ गंगापुर स्थित होटल में भोजन करने गया था। कुछ दोस्तों के चले जाने के बाद आशु के साथ मयंक व अनंत भोजन कर होटल से बाहर निकले तो गंगापुर निवासी अभिराज गुप्ता अपने साथी अंबर गुप्ता, गोपाल सिन्हा व अन्य साथ मौके पर पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए आशु की बेदम पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई।

# सट्टा कारोबार के मामले में युवक गिरफ्तार, पकड़े जा चुके हैं 13 सटोरिए

**अंबिकापुर।** सट्टा कारोबार के मामले में सरगुजा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने सट्टा कारोबार के लिए म्यूल अ का उं ट उपलब्ध कराने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि सट्टा कारोबार के मामले में यह अब तक 14वीं गिरफ्तारी है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खातों में लाखों रुपए का अवैध ट्रांजैक्शन हुआ है। बता दें कि कोतवाली पुलिस ने 13 जनवरी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सदर रोड स्थित सुधीर गुप्ता के मकान से सट्टा कारोबार का खुलासा किया था। इस दौरान एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करोड़ो रुपए का मशरुका बरामद करने के साथ ही 13 आरोपियों की गिरफ्तारी की है। वहीं अब इस मामले जांच के दौरान यह बात सामने आई कि सूरज कुमार खटिक नामक युवक के अलग अलग बैंक खातों से लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। ऐसे में पुलिस ने सूरज कुमार खटिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी मायापुर निवासी 22 वर्षीय सूरज कुमार खटिक आ. शारदा खटिक ने अपने नाम से बैंक खाता खुलवाने के बाद उनका उपयोग सट्टा खेलने और खेलवाने के लिए पूर्व में गिरफ्तार किए गये आरोपी राहुल सोनी को दिया था। इसके साथ ही उसने भी सट्टा के लिए खातों का उपयोग किया। इसके बदले में उसे रुपए भी मिले थे। ऐसे में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 7, 8 एवं 336(3), 338, 61(2), 340(2) के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, आरक्षक दीपक पाण्डेय सक्रिय रहे।

- म्यूल अकाउंट कराया था उपलब्ध

### पूर्व में पकड़े गए है ये आरोपी

सट्टा कारोबार और म्यूल आकाउंट मामले में पुलिस ने इसके पहले बिलासपुर रोड निवासी 27 वर्षीय राहुल अग्रवाल उर्फ विक्की, महामाया रोड निवासी श्रीकांत अग्रवाल, चांदनी चौक निवासी राहुल कुमार सोनी, शिकार रोड निवासी अर्जुन गुप्ता, सदर रोड निवासी सुधीर गुप्ता, पंचदेव मंदिर रोड निवासी सौरभ यादव उर्फ भोलू, महाराजा गली निवासी साहिल गुप्ता, नमनाकला निवासी अमन करारिया, महाराजा गली निवासी सोम उर्फ लालू गुप्ता, सूरजपुर भटगांव निवासी अम्मी गिरी, मायापुर निवासी सौरभ गुप्ता, चांदनी चौक निवासी अंकित गुप्ता व मायापुर निवासी प्रतीक कश्यप को गिरफ्तार किया था।

## साइबर सेल की टीम ने किया बरामद

# सरगुजा पुलिस ने 60 लोगों को लौटाया गुम मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस ने एक अच्छी पहल करते हुए चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उन्हें असल मालिकों को लौटाने की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत मंगलवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कुल 60 लोगों को उन्हें मोबाइल फोन वापस दिए।

बता दें कि जिलेभर में मोबाइल चोरी और मोबाइल गुम होने के सैकड़ों मामले सामने आते रहे रहते है। ज्यादातर मामलों में मोबाइल फोन मिल पाना एक बड़ी चुनौती होती है लेकिन एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर साइबर सेल की टीम ने बड़ी संख्या में मोबाइल फोन को बरामद किया है। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो और सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में टीम ने कुल 60 नग मोबाइल फोन बरामद किए। इन बरामद किए गए फोन की कीमत 8 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अधिकतर मोबाइल फोन भीड़भाड़ वाले इलाकों में खो गए थे, जो बाद में ट्रैक कर वापस मंगवाए गए थे। मंगलवार को एसएसपी की मौजूदगी में मोबाइल फोन उनके असल मालिकों को प्रदान किए गये। इस दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने मोबाइल फोन का विशेष ध्यान रखें और अगर फोन गुम हो जाए तो पुलिस को सूचित करें। डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम एवं अन्य तकनिकी संसाधनों की मदद से गुम मोबाइल फोन को खोजने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाएगा, मोबाइल गुमने पर आवेदक अपने मोबाइल गुमने की रिपोर्ट संचार साथी एप्लीकेशन अथवा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से स्वयं कर सकते है। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकाश सिन्हा, आरक्षक अनुज जायसवाल, अशोक यादव, रमेश राजवाड़े, विकाश मिश्रा, मनीष सिंह सक्रिय रहे।



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस समारोह फाइनल रिहर्सल आज

**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय बलरामपुर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का फाइनल रिहर्सल पुलिस ग्राउंड में 13 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के तैयारी से संबंधित सर्व कार्यालय प्रमुखों को फाइनल रिहर्सल में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### जिला प्रशासन की बाइक रैली आज

**बलरामपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बलरामपुर में 13 अगस्त को जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। बाइक रैली 13 अगस्त को शाम 5 बजे संयुक्त जिला कार्यालय से शुरू होकर मिशन चौक, चांदो चौक होते हुए कलेक्टर बंगला (पुराना बस स्टैंड) पर समाप्त होगी। जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों, विभिन्न संगठनों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों सहित सभी जिले वासियों से 13 अगस्त को शाम 4.30 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन परिसर में उपस्थित होकर इस बाइक रैली में हेलमेट लेकर शामिल होने का आह्वान किया गया है।

### संभागायुक्त का प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम स्थगित

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा के 13 अगस्त का वाड्रफनगर दौरा कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। संशोधित भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी कमिश्नर कार्यालय द्वारा बाद में पृथक से दी जाएगी।

### जिले में सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन कल

**अम्बिकापुर।** देश के आम नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के साथ मिल-जुलकर आगे बढ़ने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को प्रातः 7 बजे से सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि यह दौड़ शासकीय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के खेल प्रांगण से आरम्भ होकर गुरुनानक चौक, महामाया चौक, संगम चौक, घड़ी चौक से होते हुए सिविल कोर्ट के सामने गांधी स्टेडियम परिसर में सम्पन्न होगी। दौड़ में जन प्रतिनिधि, आम नागरिक, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल, होमगार्ड बल, महाविद्यालय व विद्यालय के छात्र-छात्राएं, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी व खिलाड़ी सभी भाग ले सकते हैं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में उक्त तिथि व स्थान में प्रातः 6.30 बजे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सद्भावना स्वतंत्रता दौड़ में शामिल होने कहा है।

### स्वतंत्रता दिवस पर रहेगा शुष्क दिवस

**बलरामपुर।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2025 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानें पूर्णतः बंद रहेगा। उक्त दिवस में कलेक्टर श्री कटारा ने जिले में मदिरा का अवैध निमार्ण, आधिपत्य, क्रय-विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश भी दिये हैं। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाने और जब्ती की कार्यवाही करने के के भी निर्देश दिये हैं।

## खबर संक्षेप

### नई पुलिस चौकी खोलने व यातायात डीएसपी पदस्थ करने की मांग

**अम्बिकापुर।** भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंप जिले में पुलिस निरीक्षक के रिक्त 9 पदों पर पदस्थापना करने, महामाया मंदिर के पास नई पुलिस चौकी खोलने एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उप पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति करने की मांग की। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि सरगुजा में पुलिस निरीक्षक के 16 पद स्वीकृत है जबकि 9 पद लंबे समय से रिक्त पड़े है जिसके कारण पुलिस ड्यूटी प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि महामाया मंदिर से लगे 8-9 वार्ड अति संवेदनशील है। इन इलाकों वर्ग विशेष की घनी बसाहट होने तथा झारखंड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के संदिग्ध लोगों की संख्या अधिक होने के कारण आए दिन तनाव की स्थिति निर्मित होती है। इसी तरह शहर में यातायात के बढ़ते दबाव एवं वाहनों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए उन्होंने यातायात में उप पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी की पदस्थापना करने की मांग की है।

### वज्रपात से बचाव को लेकर स्कूली बच्चों को दी जानकारी



**शंकरगढ़।** वज्रपात से होने वाले नुकसान और उसके बचाव और सुरक्षित रहने के लिए जानकारी देने भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के तहत टीम पहुंची। टीम ने क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शंकरगढ़ एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ के छात्र-छात्राओं को नुक्कड़ नाटक एवं वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से जागरूक किया गया और जानकारी दी गई। साथ ही क्विज प्रतियोगिता कर कर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में टीम के सदस्यों के साथ प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बाजार से लौट रही महिला का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**बलरामपुर।** दो साल के बच्चे के साथ बाजार आई महिला का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि महिला अपने 2 वर्ष एक बच्चे के साथ 6 अगस्त को कोरंधा बाजार आ हुई थी। खरीददारी करने के बाद शाम 7 बजे महिला वापस घर लौट रही थी। इस दौरान महुआ टोली निवासी अनुज तिग्गा ने महिला को पदक लिया और जान से मारने की धमकी देकर अपने साथ बाइक पर बैठाकर सुनसान मकान में ले गया जहां उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी महिला को रात भर अपने साथ रखा और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। अगली सुबह आरोपी महिला को छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद महिला ने कोरंधा पुलिस से घटना की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने कोरंधा महुआ टोली निवासी अनुज तिग्गा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 127(2), 351(2), 64(2)(एम) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दुकान से सेकेंड हेंड मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर।** मोबाइल दुकान में सेकेंड हैंड मोबाइल खरीदने के बहाने मोबाइल चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई मोबाइल सहित बाइक को जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय राम मंदिर रोड़ निवासी शिवम गुप्ता ने 7 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि केतका रोड़ मोबाईल दुकान है जिसका यह संचालन करता है। दुकान में नया एवं सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल का स्पेयर पार्टस खरीदी-बिक्री का काम करता है। 6 अगस्त को दुकान में राजू नामक युवक आया और सेकेण्ड हेण्ड मोबाईल खरीदने की बात कहकर मोबाईल देखने लगा। इसी बीच दुकान में अन्य ग्राहकों के आने से भीड़ हो गया तभी राजू 2 मोबाईल चोरी कर ले गया। इसके बाद पुनः दूसरे दिन 7 अगस्त को राजू फिर आया और पुराना मोबाईल दिखाने को बोला और मौके का फायदा उठाकर 1 मोबाईल चोरी कर भाग गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 331(3), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने विवेचना के दौरान दबिश देकर आरोपी उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी निवासी राजू आ. बीरलाल गढ़ेवाल (22 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने मोबाईल चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर चोरी की गई 45 हजार कीमत के 3 नग मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त किया।

## आज तक शेड में नहीं लगी सब्जी की दुकानें

# पौनी पसारी योजना के तहत बनाए गए शेड बने शो पीस



सड़क किनारे लगाए गए सब्जी दुकान।



मठपारा का वीरान शेड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के चौक चौराहों में लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व पौनी पसारी योजना के तहत पांच स्थानों में सब्जी बिक्री करने के लिए लाखों की लागत से शेड निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि योजना के तहत नगर निगम द्वारा बाजार के लिए शेड निर्माण करा दिया गया परंतु गांधीनगर थाना व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड़ का उपयोग सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है परंतु बाकी तीन स्थानों पर लगाए गए शेड मात्र शो पीस बनकर रह गई है। इन क्षेत्रों में शेड के नीचे सब्जी बाजार लगाने के बजाय चौक चौराहे व सड़क किनारे ही सब्जी विक्रेता अपनी दुकान लगाते है। ऐसे में न सिर्फ हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बल्कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**खास बातें**

- चौक चौराहों सहित सड़क किनारे ग्रामीण लगाते है सब्जी दुकान
- दुर्घटना की संभावना बढ़ी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**मवेशी व गरीबों का आशियाना**

नगर नगर द्वारा शहर के पांच स्थानों पर पौनी पसारी योजना के तहत शेड व चबूतरा का निर्माण कराया गया है। गांधीनगर व आकाशवाणी चौक के समीप निर्माण कराए गए शेड व चबूतरा का उपयोग बाजार के लिए किया जाता है। परंतु नवागढ़, मठपारा व प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप बनाए एक शेड़ के नीचे सब्जी व्यवसायियों द्वारा दुकान नहीं लगाने से शेड व चबूतरा अनुपयोगी हो गया है। ऐसे में शहर में भिक्षाटन करने वाले गरीब लोगों व मवेशियों का आशियाना बन गया है। शेड निर्माण कराए दो साल से अधिक हो गए परंतु आज तक शेड़ के नीचे बाजार नहीं लग सकी।

**ग्राहक नहीं आने की समस्या**

नगर निगम द्वारा बनाए गए शेड में कुछ दिन सब्जी विक्रेताओं ने दुकान लगाई परंतु ग्राहक नहीं होने से सब्जी व्यवसायी पुनः चौक चौराहों के समीप दुकान लगाना शुरू कर दिया। सब्जी विक्रेताओं की माने तो बनाए गए सेड में सड़क से काफी अंदर होने के कारण ग्राहक नहीं पहुंचते है। शेड के नीचे केवल एक दो लोगों द्वारा दुकान लगाने से ग्राहकों के नहीं आने की समस्या होती है। अधिकांश ग्राहक सड़क किनारे लगाए गए सब्जी दुकान से लेना पसंद करते है। व्यवसायियों का कहना है कि सब्जी बिक्री नहीं होने तथा खराब होने से उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान होता है जिससे वे चौक चौराहों व सड़क किनारे सब्जी बिक्री करने को मजबूर है।

शहर के आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण सब्जी बिक्री करने शहर आते हैं। शहर में कंपनी बाजार व गुदरी बाजार में सब्जी विक्रेताओं की अधिक भीड़ होने पर ग्रामीण शहर के चौक चौराहों के समीप सड़क किनारे सब्जी बिक्री करते है। शहर के कोई ऐसा चौक चौराहा नहीं है जहां सब्जी विक्रेताओं द्वारा दुकान नहीं लगाई जाती है। चौक चौराहों व सड़क किनारे लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व पौनी पसारी योजना के तहत शहर के पांच प्रमुख जगह बिलासपुर चौक के समीप मठपारा, प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप, महामाया मंदिर के नवागढ़ व गांधी नगर थाना के समीप के अलावा आकाशवाणी चौक के समीप जगह का चिन्हांकन कर लाखो की लागत से नगर निगम द्वारा चबूतरा व शेड का निर्माण कराया गया। शेड व चबूतरा का निर्माण के बाद गांधीनगर थाना के समीप व आकाशवाणी चौक के समीप बनाए गए शेड को छोड़ बाकी जगह की शेड के नीचे बाजार नहीं लगने से मात्र शो पीस बनकर रह गई है। ऐसे में जिस उद्देश्य से नगर निगम द्वारा पौनी पसारी योजना के तहत बाजार के लिए लाखों रुपए खर्च कर निर्माण कराया है वह सार्थक साबित नहीं हो सका।

हैरानी की बात यह है बाजार के लिए चिन्हांकित जगहों पर शेड व चबूतरा बनकर तैयार है बावजूद इसके आज तक ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई और न ही सड़क किनारे व चौक चौराहे पर बाजार लगाने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई की जिससे व्यवसायी निडर हो कर चौक चौराहों पर बाजार सजा रहे है। ऐसे में न सिर्फ जाम की समस्या होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**बनाई जाएगी व्यवस्था**

चौक-चौराहों व सड़क किनारे कई जगह पर ग्रामीण सब्जी दुकान लगाते है। पूर्व में कई बार कार्रवाई कर उन्हें शेड़ में व्यवस्थित किया गया था। जल्द ही सड़क किनारे व चौक-चौराहों पर सब्जी लगाने वालों को अभियान चलाकर व्यवस्थित किया जाएगा।

-मंजूषा भगत, महापौर



## चनवारीडांड में खेल सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत सरकार की लोकप्रिय योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत मिशन शक्ति हब महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बालिकाओं के प्रतिभा को सामने लाने एवं हर क्षेत्र में बालिकाओं के सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के द्वारा मंगलवार को शासकीय हाईस्कूल एवं शासकीय मिडिल स्कूल चनवारीडांड में खेल सप्ताह के तृतीय दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को आउटडोर गेम में खो खो, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, 100 मीटर दौड़, फ्लाइण्डनेस, चाफकलेट दौड़, रस्सी दौड़, फुगड़ी, बैडमिनटन, मेंढ़क दौड़, जैसे खेल एवं इनडोर में कैरम, लुडो, सांप सीढ़ी, जैसे खेलों का आयोजन किया गया। दोनों ही प्रकार के खेलों में बालिकाओं ने पूर्ण आनंद प्राप्त किया।

बालिकाएं प्रत्येक खेल में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इस खेल सप्ताह का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना एवं बालिकाओं के छिपे हुए प्रतिभा को दुनिया के सामने उजागर करना है। इसके लिए बालिकाओं को खेल के माध्यम से अधिक से अधिक सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि बालिकाएं भी हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले सकें और समाज तथा देश में अपना अलग पहचान बना सके। खेल और अधिक रोचक बनाने एवं बालिकाओं के उत्साह को बढ़ाने के लिए विजेता प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागी बालिकाओं को लिए पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग से रणधीर ठाकुर खेल ,युवा कल्याण विभाग से विनोद जायसवाल, स्कूल के प्राचार्य एल. टोप्पो, प्रधान पाठक, श्रीमती अपर्णा चक्रवती एवं समस्त शिक्षकगण ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति (हब) से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा ने संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन किया साथ ही अनीता कुमारी साह वित्तीय साक्षरता समन्वय मिशन शक्ति हब कलावती सुपरवाइजर एवं देवंती बाई चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए विधायक व भाजपा पदाधिकारी

**सोनगरा।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत तिरंगा यात्रा जरही दुर्गा पंडाल से जरही नगर पंचायत तक निकाला गया। तिरंगा यात्रा में विधायक शकुंतला पोर्ते सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी व पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के नेतृत्व में रैली निकाला गया। यात्रा के माध्यम से आपातकाल के दौरान हुए लोकतांत्रिक मूल्य की स्मृति ताजा की गई और लोकतंत्र की रक्षा और अपने अधिकारों के संकल्प को दोहराया गया। 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थी व शिक्षकों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. जिसमें जरही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों सहित विद्यालय स्टाफ, नगर पंचायत जरही के स्टाफ व भाजपा के नेता शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि हमें आजादी ऐसे ही नहीं मिली इसके लिए हमारे देश के जवानो ने हंसते-हंसते देश व लोगों की सुरक्षा के लिए अपने प्राण गंवाए है. इसके लिए हम सभी देशवासी शहीदों को नमन करते है। वीर शहीद जवानों की बदौलत आज हम सभी आजाद है। आज हम उसी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और एक आजाद देश का नागरिक होने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा एक अभियान है।आप सभी लोग अपने-अपने घर में झंडा अवश्य लगे जो आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा है। निवृत्तिमान जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहां कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों, नागरिकों के मन में देशभक्ति की भावना को जगाना है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री लालसाय पावले व आभार प्रदर्शन पूरन राजवाड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैंकरा, जिला मंत्री शशिकांत गर्ग, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, मुकेश सिंह, शरद चन्द्र द्विवेदी, अशोक गुप्ता, समय लाल मिश्रा, दीपक मिश्रा, देवपाल सिंह पैकरा, प्रवीण सिंह, हिमांशु सिंह, उदित नारायण ठाकुर, अनुराग द्विवेदी, अभय तिवारी, विकेश जायसवाल, गोपाल शरण सिंह, सूरज सिंह, शशि रंजन सिंह, ओपी सिंह, बसंत यादव, अजय साहू, नागेंद्र सिंह, थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, सीएमओ मोहरलाल गहरवरिया सहित भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें स्कूली बच्चें, जनप्रतिनिधि सहित आमजन बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। इसी कड़ी में नगर में लरंगसाय चौक से टाऊन हाल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। सभी ने तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति के नारों के साथ सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है जो हमे याद दिलाता है कि आजादी हमें यूं ही नहीं मिली, इसके लिए हमारे अनगिनत वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में शहीदों के प्रति सम्मान और देश प्रेम की भावना जागृत करना है। हर घर तिरंगा अभियान इसी गौरवशाली इतिहास को हर नागरिक तक पहुंचाने का माध्यम है। इस दौरान श्री अग्रवाल ने नगर वासियों से 15 अगस्त के दिन अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की बात कही। इस दौरान नगर का पूरा वातावरण तिरंगे के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर तिरंगा कॉन्सर्ट सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीतों पर उपस्थित लोगों ने उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति के गीतों की गूंज ने पूरे माहौल को भावनात्मक बना दिया। तिंरगा यात्रा में जनपद अध्यक्ष मुद्रिका सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी आनंद राम नेताम, जनपद सीईओ रणवीर साय, तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

**बच्चों की रंगोली से खिला देशभक्ति का रंग**

हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिले के विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। स्कूली बच्चों द्वारा रचनात्मक और देश प्रेम का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए रंगोली बनाकर देश भक्ति का संदेश दी। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तिरंगा, अशोक चक्र को रंगो के माध्यम से उकेरा गया। छात्र-छात्राओं ने तिरंगे के महत्व को समझाने और राष्ट्रीय एकता को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया है।



### विधायक शकुंतला पोर्ते के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

**प्रतापपुर।** राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में राष्ट्रीय अभियान के तहत ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा नगर में निकाली गई। यह यात्रा मां कमलेश्वरी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से भारत माता की जयकारों की गूंज के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थापित जय स्तंभ के पास संपन्न हुई। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की उपस्थिति में प्रतापपुर अनु विभाग के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी शासकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी स्काउट गाइड एवं शासकीय कालिदास महाविद्यालय के एनसीसी के कैडेट दुर्गा वाहिनी की छात्राएं, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग की कार्यकर्ताओं, स्वयं समूह की बहने, नगर पंचायत के स्वच्छता दीदियों, ग्राम चौकीदार, भाजपा पदाधिकारी एवं नगरवासियों ने नगर में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकला। तिरंगा यात्रा नगर भ्रमण के पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण जय स्तंभ समीप संपन्न हुई। जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने राष्ट्र के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में उपस्थित बच्चों, छात्र-छात्राओं एवं सभी नागरिकों को बधाई दी गई और राष्ट्र के सम्मान में सदैव आगे रहने की बात कही। मुख्य अतिथि प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते ने अपने उद्बोधन की शुरुआत कविता से की। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को देश के वीर जवानों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों एवं देश की सेवा में तत्पर डटे हुए वीर सेनानियों सैनिकों के वीरगाथाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी के द्वारा अपने ओजस्वी उद्बोधन से संबोधित किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्रों द्वारा झांसी की रानी एवं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आकर्षक झांकी निकाली। इस दौरान एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, नायब तहसीलदार मुकेश दास, थाना प्रभारी अमित कौशिक, जपं सीईओ डॉ.नृपेंद्र सिंह, बीईओ मुन्नू लाल धुर्वे, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शिव शंकर यादव, खाद्य निरीक्षक शशि जायसवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी अजीत दीवान, राजेश वर्मा, संतोष सिंह, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, अंबिका जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुखमनिया आयाम, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, आनंद शुक्ला, गुलाब मोहन तिवारी, गिरीश पटेल, अवधेश पांडे, लक्ष्मी गुप्ता, धउलाराम, प्रफुल्ल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस व विभाजन-विभीषिका पर साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** विभाजन-विभीषिका व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता गीता मर्मज्ञ पं. रामनारायण शर्मा, विशिष्ट शायर-ए-शहर यादव विकास, चंद्रभूषण मिश्र, देवेन्द्रनाथ दुबे, जय गुप्त और व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।



गोष्ठी रामचरितमानस और एसपी जायसवाल द्वारा रचित सरगुजिहा रामायण के संक्षिप्त पाठ से प्रारम्भ हुई। ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश अंग्रेजी दासता से मुक्त हुआ। इसके पूर्व 14 अगस्त को बंटवारे की विभीषिका भी लोगों ने झेली। कतिपय राजनीतिक भूले न हुई होती तो सिंध प्रांत का अधिकांश हिस्सा आज भारत के पास होता। सिंध नाम केवल राष्ट्रगान में बचा रह गया है। अनगिनत बलिदानों के बाद स्वतंत्रता के सूर्य का उदय हुआ किंतु खेद का विषय है कि आजादी के इतने सालों बाद भी बुंदेलखण्ड, विदर्भ, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के कुछ भू-भाग विकास की रौशनी से वंचित है। देश में अमीरों और गरीबो के बीच फासले भी बढ़े है। यह खाई दिनोंदिन गहरी होती जा रही है। इसे हमें पाटना होगा। आजाद देश में सबको प्रगति के समान अवसर उपलब्ध हों। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरणें पहुंचे। इस दिशा में सभी को ध्यान देना होगा। पं.रामनारायण शर्मा ने नैतिक मूल्यों के पतन का जिक्र किया तथा जीवन में अनुशासन और मर्यादा पालन को जरूरी बताया। उन्होंने हमारा गौरवशाली इतिहास और परंपरा रही है। हमारा नजरिया सकारात्मक और दृढ़ होना चाहिए। देश में सर्वत्र आज सामाजिक समरसता पर जो दिया जा रहा है। उन्माद फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत बताई। सच्चिदानंद पाण्डेय ने चाल-चलन और चरित्र को बदलने की जरूरत बताई तथा कहा कि आम आदमी और सत्ता के बीच एजेंट को हटाना होगा। व्यापक सुधार के लिए सत्ता पर नैतिक दबाव बनाना होगा। युवाशक्ति को सही दिशा में लगाएं ताकि उनमें निहित प्रतिभा और शक्ति का राष्ट्र निर्माण में समुचित उपयोग हो सके। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष दोहाकार व शायर मुकुंदलाल साहू ने करें लगन-ईमान से, अपने सारे काम, होगा यही, राष्ट्रप्रेम अभिराम। राष्ट्रध्वज को दीजिए सदा मान-सम्मान, यही देश की आत्मा, आन-बान है शान, मनव्वर अशरफी ने वतन पे इश्क का गुमान रखते है, श्याम बिहारी पाण्डेय ने फहरे मेरा तिरंगा हर गांव, हर गली में, मीना वर्मा ने जिनकी बदौलत नेमते – आजादी हमने पाई है, रामलाल विश्वकर्मा ने न हिन्दू को रखिए न मुसलमान को रखिए, जेहन में बस हिंदुस्तान को रखिए, जय गुप्त ने आजादी का पर्व है यह आओ खुशी मनाएं हम, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर ने कहूं किससे अपनी वेदना, राजेन्द्र राज ने कश्मीर देश ला हमन लुटाबो, चंद्रभूषण मिश्र ने समय की क्षुब्ध वेदना ही सही तुम एक बार आ जाओ रचना सुनाई। इस दौरान देवेन्द्रनाथ दुबे, विनोद तिवारी, प्रकाश कश्यप, जयंत खानवलकर और अजय सागर ने भी विभाजन की विभीषिका व स्वतंत्रता पर्व पर अपनी कविताओं का पाठ किया। शायर-ए-शहर यादव विकास की गजल स्वर्ग रहता है ये हिन्दुस्तान की धरती के पाठ से गोष्ठी का समापन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन हरिशंकर सिंह ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, मनीलाल गुप्ता, प्रमोद आदि उपस्थित थे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ.चन्द्रशेखर उपाध्याय - हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. संदीप गुप्ता - शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ
डॉ. संगिता भारती - चर्म रोग एवं सौन्द्रर्य विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि - दंत एवं मुख विषेशज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर
1.5 TESLA MRI
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### समाजसेवी अजय अंतर्राष्ट्रीय योगश्री अवार्ड से सम्मानित

**अम्बिकापुर।** प्रबुद्ध सोसायटी, भीखू संघ एवं इंडियन एक्यूप्रेशर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान कुशीनगर, यूपी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह में समाज सेवा, शिक्षा, योग एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 24 लोगों को डॉ भदन्त ज्ञानेश्वर द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में योग एवं समाज सेवा के क्षेत्र में लम्बे समय से कार्यरत आर्ट ऑफ लिविंग के कर्मयोग राज्य समन्वयक अजय तिवारी अंतर्राष्ट्रीय योग श्री अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय समाजसेवी अजय तिवारी, नवा विहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के परामर्शदाता हैं

### स्कूल की छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी



**डांड़गांव।** रक्षाबंधन का पर्व सामाजिक समरसता सेवा और संस्कारों का जीवंत उत्सव है, इसी भावना को स्काई रिच स्कूल उदयपुर की छात्राओं ने साकार किया। थाना प्रभारी शिशिर कांत सिंह ने कहा कि विद्यालय की बहनों ने पुलिस भाइयों तथा मुझे राखी बांधकर यह एहसास कराया कि हम अपनों से दूर नहीं है। दरअसल रक्षाबंधन के दिन स्काई रिच स्कूल उदयपुर की छात्राओं ने प्राचार्य रामप्रसाद गुप्ता के निर्देशन में शिक्षिका रुबीना अली तथा तुलसी पांडेय थाना पहुंच कर थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस भाइयों की कलाई में राखी बांधी। छात्राओं ने राखी बांधने के साथ ही आरती उतारी और मांथे पर तिलक लगाकर पुलिस भाइयों के प्रति आदर भाव प्रकट किया। सभी छात्राओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य सुरक्षा और सुदीर्घ जीवन की मंगल कामना की। इस अवसर पर थाना प्रभारी शिशिर सिंह ने नन्हीं बहनों को कहा कि हम आपकी सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से तैनात हैं। आपको कभी भी कोई भी समस्या हो तो हमें याद कर सूचित करें आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। थाना प्रभारी ने उपस्थित छात्राओ को पुलिस की कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुए थाना का भ्रमण कराया। सुरक्षा उपकरणों, ऑनलाइन एफआईआर, शस्त्रागार एवं वायरलेस सेट ऑपरेट करने के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी ने कहा छात्राएं केवल शिक्षा नहीं संस्कारों और सामाजिक कर्तव्यों से भी परिपूर्ण हैं। आज उदयपुर थाना के समस्त पुलिस भाइयों को राखी बांधकर प्रेम सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक प्रस्तुत किया है तथा सभी को एहसास कराया कि हम अपनों से दूर नहीं है।

### पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पारिवारिक विवाद के कारण युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सखौली निवासी 27 वर्षीय राम दयाल दास आ. सुखराम दास विगत तीन वर्षों से बसंती मिंज को पत्नी बतौर पत्नी अपने घर में रखा था। लिव इन रिलेशनशिप में रहने के दौरान दोनों के बीच आए दिन विवाद और मारपीट होते थे। युवक अक्सर बसंती मिंज को आत्महत्या के लिए उकसाते रहता था। 14 जुलाई को भी दोपहर में राम दयाल दास ने पत्नी बसंती मिंज के साथ मारपीट की थी। शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से तंग अआक्र युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने राम दयाल दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 108 एवं एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2-5) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर अश्वनी दीवान, सउनि रामधनी राम, आरक्षक पंकज देवांगन, सुशील मिंज, हरिकिसून सिंह सक्रिय रहे।

## निधन

### नथुनी चौबे

**अम्बिकापुर।** पूर्व प्रधानपाठक नथुनी चौबे का विगत दिवस निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे।



ब्रेन हेमरेज होने के उपरांत ईलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसें ली। उनका अंतिम संस्कार ग्राम-परसागुड़ी में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है।

## हाथी दिवस पर हुई बच्चों की प्रतियोगिताएं

# हाथी दिवस पर कुमकी हाथियों को सजाकर परोसा गया फल एवं पकवान



पुनर्वास केन्द्र में कुमकी हाथी।



भूमिपूजन करती विधायक शकुंतला पोर्ते।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाथी पुनर्वास केंद्र रमकोला में मंगलवार को विश्व हाथी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हाथियों की पूजा-अर्चना की गई तथा उनकी रूचि के फल व पकवान परोसे गए। इस दौरान हाथी एवं अन्य वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित कर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

**खास बात**

- महावतों को दिया गया किट

विश्व हाथी दिवस पर हाथी पुनर्वास केन्द्र में निवासरत कुमकी हाथियों को सजाने के साथ ही उनकी पूजा-अर्चना की गई। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते ने जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया आयाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ पूजा-अर्चना की। पूजा उपरांत अतिथियों ने हाथियों को केला, पपीता, अनानस सहित उनकी पसंद के फलों को खिलाया। इस दौरान हाथियों को गन्ना, केला, कटहल, नारियल सहित अन्य फल एवं खिचड़ी परोसा गया। जनप्रतिनिधियों एवं विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को हाथियों के महत्व को बताया तथा उनके संरक्षण के लिए सह अस्तित्व की भावना विकसित करने एवं हाथियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्कूली बच्चों के मध्य वन्य जीवों पर केंद्रित चित्रकला, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षण वी माथेश्वरन ने महावतों को पिट्ठू बैग, टिफिन, पानी बोतल एवं जूता का किट प्रदान किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजय मरावी, श्रीमती लालती मरावी, अमलेश्वर, चिटकी बाबू गुप्ता, सेवानिवृत्त वन संरक्षक केआर बढ़ई, गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व के संचालक सौरभ सिंह ठाकुर, अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार अम्बष्ट, विजय भूषण केरकेट्टा, गेम रेंजर अजय सोनी, विनय टंडन, शीतल नागदेव, राम सहित बड़ी संख्या में वनकर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को दिया गया वन अधिकार पत्र एवं सोलर लैंप

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम कनकनगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में विश्व हाथी दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चलचित्र तथा प्रजेंटेशन के माध्यम से हाथी के विकास, मानव सभ्यता पर उसके सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक प्रभाव, इतिहास हाथियों के विचरण व रहवास के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान सरगुजा में हाथियों पर बनी ग्रीन ऑस्कर विजेता फिल्म द लास्ट माईग्रेशन का प्रदर्शन भी किया गया। उपवन मंडलाधिकारी आशुतोष भगत ने हाथियों के सामान्य व्यवहार, मुठभेड़ के दौरान किये जाने वाले बर्ताव, जंगली हाथियों की पहचान, मानव हाथी द्वंद प्रबंधन एवं हाथियों से सुरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को वनों के विनाश से होने वाले जलवायु परिवर्तन के बारे में बताया तथा वनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक पहल करने की समझाइश दी। इस दौरान हाथियों पर केंद्रित बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सोमवार को भी स्वामी आत्मानंद




विद्यालय प्रतापपुर में हाथी संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों द्वारा हिस्सा लिया गया था। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित ग्रामीणों को हाथियों से बचाव हेतु जागरूक किया तथा ग्राम कनकनगर के हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र तथा एकाकी घरों में निवासरत ग्रामीणों को सोलर लैम्प प्रदान किया।

# दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बिहारपुर।** दुष्कर्म करने की तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक चांदनी थाना अन्तर्गत एक बालिका ने थाना चांदनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर में कार्यक्रम था जिसमें लोग आए थे। जहां सभी खाकर नाच गा रहे थे। इसी बीच रात में पीड़िता घर से बाहर निकली थी कि आरोपी रवि इसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376(2)(एन), 506 व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वहीं दूसरे मामले में बालिका ने थाना चांदनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी नवल रात्रि में घर आया और बात करने की बात कहकर जंगल में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और डराया धमकाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 64(2)(एन), 351(2) व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। तीसरे मामले में पीड़ित बालिका ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर के बगल में एक कार्यक्रम चल रहा था जहां गई थी। रात को आरोपी रघुवीर बोला कि कोई बाहर बुला रहा है और झूठ बोलकर पीड़िता को बाहर भेज कर उसे जबरन दूर ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376(2)(एन), 506 व पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज



किया। इधर घटना की जानकारी लगने पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने गंभीरतापूर्वक आरोपियों को जल्द पकड़ने पुलिस टीम गठित कर लगाया। पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में लगी थी। इसी बीच आरोपियों के गांव-जंगल में जगह बदल-बदल कर छुक-छिपकर रहने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपियों के गांव में घेराबंदी कर आरोपी रवि सिंह (22 वर्ष), नवल सिंह (19 वर्ष), रघुवीर सिंह (20 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने दुष्कर्म करने की बात कबूल की। कार्रवाई में चांदनी थाना प्रभारी प्रदीप सिदार, प्रधान आरक्षक इशित बेहरा, मनोज वर्मा, आरक्षक कुलदीप तिग्गा, अब्दुल व रणबीर सिंह सक्रिय रहे।

### सूने मकान का ताला तोड़ 2 लाख कीमत का जेवर पार

**अम्बिकापुर।** जिला अभियोजन निदेशालय कार्यालय में सहायक ग्रेड 1 में पदस्थ बिशुनपुर गढापारा निवासी राजेश कुमार एक्का रक्षाबंधन त्यौहार मनाने 9 अगस्त को घर में ताला लगातार परिवार के साथ गृह ग्राम कुड़केल खजरी गए थे। त्यौहार मनाने के पश्चात दूसरे दिन घर पहुंचे तो देखा मेन गेट का ताला खोला तो अंदर से कुंडी बंद था। बाउंड्रीवाल की सहायता से अंदर गया तो दरवाजा का ताला टूटा तथा कमरे में रखा अलमारी खुला और सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक ने जब अलमारी की तलाशी ली तो पता चला की अलमारी में रखे दो लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य कीमती सामान गायब थे। घटना की रिपोर्ट मकान मालिक ने गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



# बेलकोटा पुल जर्जर, दिखने लगी छड़ व टूटे रेलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

एनएच 43 पर ग्राम बेलकोटा में बना पुल जर्जर हो गया है। पुल पर बड़े बड़े गड्ढे हो गये है और लोग पुल में लगे छड भी नजर आने लगे है। पुल के जर्जर होने से दुर्घटनाओं की आंशंका बढ़ गई है। बड़ी बात यह है कि हाल ही में इस पुल का चौडीकरण किया गया था और अब एक बार फिर से पुल जर्जर स्थिति में है।

- दुर्घटना की बढ़ी संभावना

बता दें कि एनएच 43 अंबिकापुर से पत्थलगांव तक सड़क का निर्माण कराया गया था। इस दौरान इस मार्ग पर अनेकों पुल पुलिया का भी निर्माण कराया गया जबकि कुछ पुल पुलिया को चौडीकरण व मरम्मत कर छोड़ दिया गया। विभाग द्वरा पूर्व में बेलकोटा के पास स्थित एक पुल को भी सिर्फ चौडीकरण करके छोड़ दिया गया था अब कुछ ही समय में इस पुल की स्थिति खतरनाक हो गई है। बारिश के समय पुल के स्लैब पर लगा डामर उखड़ गया है और पुल के छड नजर आ रहे है। बड़ी बात यह है कि एनएच 43 व्यस्त मार्ग है जबकि इस मार्ग में आए दिन तेज रफ्तार के कारण लोड दुर्घटना के शिकार भी हो रहे है। ऐसे इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ गई है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान पुल पुलिया को भी डीपीआर में शामिल किया गया था लेकिन बेलकोटा के पुल को छोड़ दिया गया। यही वजह है कि वर्षों पुराना पुल अब जर्जर हो गया है। इसके साथ ही इस पुल के रेलिंग टूट गये है। इस संबंध में एनएच के एसडीओ निखिल लकड़ा ने बताया कि पुल को लेकर शिकायत मिली थी। उक्त पुल का चौड़ीकरण किया गया था। वर्तमान में पुल मेंटेनेंस अवधि में है इस लिए ठेकेदार को पुल के मरम्मत के निर्देश दिए गये है।

# फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में कार्मेल स्कूल ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के एकता स्टेडियम में खेले जा रहे 13 वां विद्यालयीन स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को क्वार्टर फाइनल का दौर समाप्त हो गया जिसके बाद सेमीफाइनल की चारों टीम भी तय हो गई है।मंगलवार को खेले गए अंतिम क्वार्टर फ़ाइनल मैच में कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर की टीम ने रोमांचक व करीबी मुकाबले में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को 1-0 के अंतर से पराजित कर मैच जीत लिया है।

- शासकीय स्कूल लटोरी व जयनगर, डीएवी बिश्रामपुर एवं कार्मेल कान्वेंट स्कूल ने सेमी फाइनल में बनाई जगह

प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर, शा.उ. मा.विद्यालय लटोरी, शा.उ.मा.विद्यालय जयनगर व कार्मेल कान्वेंट स्कूल ने सेमीफाइनल मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली है। आज के मैन आफ़ द मैच कॉन्वेंट स्कूल के अंकुर राजवाड़े रहे।बुधवार 13 अगस्त को पहला सेमीफाइनल मैच शा.उ.मा. विद्यालय लटोरी और शा.उ. मा विद्यालय जयनगर के मध्य देखा जाएगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच 14 अगस्त दिन गुरूवार को कार्मल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर और डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के बीच खेला जाएगा,फाइनल मुकाबला 15 अगस्त को सम्पन्न होगा।

मंगलवार को खेले गए मैच के मुख्य निर्णायक रॉकी राजवाड़े, संजू कुमार और अभय कुमार रहे, फुटबॉल संघ के भुवन रजक और पीयूष सिंह ने टेबल स्कोरर की भूमिका निभाई, प्रकाश कुर्रे ने मैच कमेंटेटर की भूमिका निभाई, इस दौरान संघ के शशि नान्हू, सज्जी उमर, सुरेशन स्वाईं, रॉकी लामा, अनुपम फिलिप सहित अन्य सक्रिय रहे।

# मंत्री नेताम की पहल पर रामानुजगंज में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय, केंद्रीय मंत्री से मिलकर रखी मांग

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ के किसान कल्याण एवं आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम अपने दिल्ली प्रवास के दौरान सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से दिल्ली स्थित उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मंत्री नेताम ने इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान को बताया कि जिला बलरामपुर-रामानुजगंज जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। शिक्षा की दृष्टि से रामानुजगंज में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु क्षेत्रवासियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा निरंतर लंबे समय से मांग की जा रही है। मंत्री नेताम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए रामानुजगंज में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान का प्रस्ताव दिया। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने मंत्री नेताम के प्रस्ताव पर रामानुजगंज में जल्द ही केंद्रीय विद्यालय खोलने का आश्वासन



दिया।

#### नगर में खुशी की लहर

रामानुजगंज में लंबे समय से केंद्रीय विद्यालय की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों द्वारा की जाती रही है। इस बीच कृषि मंत्री रामविचार नेताम की पहल पर केंद्रीय विद्यालय की सौगात रामानुजगंज को मिलने जा रही है जिले लेकर पूरे नगर वासियों में खुशी की लहर है।

### द्वारिकानगर में पति से विवाद पत्नी ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम द्वारिकानगर निवासी जुगेंद्र यादव की 27 वर्षीया पत्नी रूक्मणी राजवाड़े ने सोमवार की रात को पति से विवाद करने के बाद घर की रसोई में दुपट्टा का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची लटोरी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है एवं मामले की विवेचना शुरू की है।

# वन अमले ने बिशुनपुर में अवैध सागौन किया जब्त

**सूरजपुर।** वन विभाग की टीम ने ग्राम बिशुनपुर में न सिर्फ बड़ी कार्रवाई की बल्कि अवैध रूप से भंडारित 80 हजार कीमत के सागौन ईमारती काष्ठ को जब्त किया। वनमंडलाधिकारी पंकज कुमार कमल के निर्देशन एवं उप वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई बीट देवनगर अंतर्गत की गई। क्षेत्र में गश्त कर रहे बीट देवनगर वन अमले को मुखबिर सूचना मिला कि टीम ने बिशुनपुर माध्यमिक शाला के समीप बड़ी संख्या में सागौन इमारती काष्ट रखे हुए है। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश देकर अवैध रूप से रखे 29 नग सागौन इमारती काष्ठ को जब्त किया जिसकी अनुमानित कीमत 80 हजार रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान वनपरिक्षेत्राधिकारी सूरजपुर उमेश कुमार वस्त्रकार, परिक्षेत्र सहायक रमेश सिंह, वनपाल सुखदेव पैकरा, वनरक्षक महेन्द्र प्रसाद एवं सत्यप्रकाश राजवाड़े उपस्थित रहे।













